नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा

Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

बा-बापू की 150 वीं जयंती राष्ट्रीय स्तर पर मनाने
हिंदी विश्वविद्यालय में आज से तीन दिवसीय बैठक

वर्धा, 25 अप्रैल 2018 : बा-बापू (महात्मा गांधी और कस्तूरबा गांधी) की जयंती के 150 वर्ष पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम तय करने हेतु 26 से 28 अप्रैल तक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय में किया गया है। बैठक का आयोजन गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति, नई दिल्ली, भारत सरकार के तत्वावधान में किया जा रहा है। यह बैठक विश्वविद्यालय के महात्मा गांधी फ्युजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र में होगी। बैठक की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के संयोजक प्रोफेसर मनोज कुमार ने बताया कि बैठक में गोवा, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विभिन्न विश्वविद्यालयों के अकादमिक अधिकारी, राष्ट्रीय सेवा योजना व नेहरु युवा केंद्र से जुड़े प्रमुख व्यक्तियों व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि हिस्सा लेंगे। बैठक में वर्धा के गांधीवादी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया है। उन्होंने जारी वक्तव्य में कहा है कि गांधी स्मृति एवं दर्शन समिति बा-बापू की जयंती के 150 वर्ष पूरे होने के मौके पर राष्ट्रव्यापी स्तर पर पूरे एक वर्ष तक विविध कार्यक्रम आयोजित करेगा। कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा बनाने एवं इस पर अमल करने का पूरा खाका तैयार करने हेतु इस बैठक का आयोजन किया जा रहा है। ज्ञात हो कि डेढ़ सौ वर्ष पूर्व 1869 ई. में एक ही वर्ष कस्तूरबा गांधी और महात्मा गांधी का जन्म हुआ था। कस्तूरबा गांधी महात्मा गांधी से उम्र में कुछ वर्ष बड़ी थीं। अंग्रेजी गुलामी से मुक्ति के लिए हुए स्वतंत्रता आंदोलन तथा आधुनिक भारत के निर्माण में इन दोनों विभूतियों का अतुलनीय योगदान रहा है।

बा-बापूंची 150 वी जयंती राष्ट्रीय स्तरावर साजरी करण्यासाठी
हिंदी विश्वविद्यालयात आजपासून तीन दिवसीय बैठक

वर्धा, 25 एप्रिल 2018 : बा-बापू (महात्मा गांधी आणि कस्तूरबा गांधी) यांची 150वीं जयंती वर्षभर विविध कार्यक्रम आणि उपक्रमांनी साजरी करण्यासाठी 26 ते 28 एप्रिल पर्यंत बैठकीचे आयोजन महात्मा गांधी आंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालयात करण्यात आले आहे. ही बैठक गांधी स्मृती आणि दर्शन समिती, नवी दिल्ली, भारत सरकार यांच्या मार्गनिर्देशात होईल. विश्वविद्यालयातील महात्मा गांधी फ्युजी गुरूजी सामाजिक कार्य अध्ययन केंद्र हे या बैठकीचे आमंत्रक आहेत. बैठकीला महाराष्ट्र, गोवा, मध्य प्रदेश आणि छत्तीसगढ़ इत्यादी राज्यांमधील प्रतिनिधिंसह राष्ट्रीय सेवा योजना आणि नेहरू युवा केंद्रांचे प्रतिनिधी भाग घेतील अशी माहिती आयोजन समितीचे संयोजक प्रोफेसर मनोज कुमार यांनी दिली.